**Dainik Bhaskar (Indore), 05th September 2025, Front Page- Plus 01 & contd. Page-20**

एनआईआरएफ रैंकिंग • केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इस बार 17 कैटेगरी में जारी की

# हमारा आईआईएम देश में 8वां; आईआईटी इंजीनियरिंग में 12वां, रिसर्च में 24वां और ओवरऑल में 27वां स्थान

भास्कर संवाददाता | इंदौर. केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को एनआईआरएफ (नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क) रैंकिंग जारी की है। इसमें आईआईएम, इंदौर लगातार टॉप-10 मैनेजमेंट संस्थानों में बना हुआ है। संस्थान ने 75.68 स्कोर के साथ आठवीं रैंक पाई। 2024 में भी आईआईएम आठवें स्थान पर था। हालांकि, 2022 और 2023 में आईआईएम सातवें स्थान पर भी आ चुका है।

वहीं आईआईटी इंदौर ने इंजीनियरिंग, रिसर्च और ओवरऑल, तीन कैटेगरी में जगह बनाई। इंजीनियरिंग में 66.65 स्कोर के साथ संस्थान ने पिछली बार की 14वीं रैंक से छलांग लगाते हुए 12वां स्थान हासिल किया। रिसर्च में 24वां और ओवरऑल रैंकिंग में 27वां स्थान मिला। डीएवीवी ने इस साल अपना प्रदर्शन सुधारते हुए 49वीं रैंक हासिल की है। मंत्रालय ने इस बार 17 कैटेगरी में रैंकिंग जारी की है।

शेष | पेज 20 पर

**Front Page-Plus 01**

जैकेट 1 का शेष

## हमारा आईआईएम देश...

इनमें ओवरऑल, यूनिवर्सिटीज, कॉलेज, रिसर्च इंस्टीट्यूशन, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी, मेडिकल, डेंटल, लॉ, आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग, एग्रीकल्चर एंड अलाइड सेक्टर्स, इनोवेशन, ओपन यूनिवर्सिटी, स्किल यूनिवर्सिटी, स्टेट पब्लिक यूनिवर्सिटी और सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल शामिल थे।

**डीएवीवी ने भी सुधारा स्कोर :** स्टेट पब्लिक यूनिवर्सिटी कैटेगरी में इंदौर की देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी का प्रदर्शन पिछले साल की तुलना में बेहतर हुआ है। डीएवीवी ने 50.41 स्कोर करते हुए 49वां स्थान पाया। पिछली बार रैंकिंग में 48.35 स्कोर के साथ डीएवीवी 50वें स्थान पर रही थी।

*एनआईआरएफ 2025 की रैंकिंग में इंजीनियरिंग कैटेगरी में संस्थान को 12वीं रैंक मिलना गर्व का क्षण है। ये टीम वर्क से ही संभव हो सका है। आईआईटी में नवाचार को बढ़ावा देते हुए आत्मनिर्भर और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी भारत के निर्माण की दिशा में योगदान के लिए लगातार मजबूत कदम बढ़ाए जा रहे हैं।*

**-प्रो. सुहास जोशी,** डायरेक्टर, आईआईटी इंदौर

**Contd. Page-20**